भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

05.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2913 का उत्तर

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लालगुडी रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास

2913. श्री अरुण नेहरू:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान पेरम्बलुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के प्रमुख रेलहेड, लालगुडी रेलवे स्टेशन पर किए गए पुनर्विकास कार्यों की वर्ष-वार भौतिक और वित्तीय प्रगति क्या है;

(ख) नए विस्तारित प्लेटफॉर्म, विशेष प्रतीक्षा हॉल और बेहतर फसाड लाइटिंग सहित उक्त अवधि के दौरान अमृत भारत स्टेशन योजना (एबीबीएस) के तहत पूरे किए गए विशिष्ट यात्री सुधार कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त संरचनात्मक आधुनिकीकरण परियोजना के लिए रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) क्षेत्रीय रेलवे द्वारा आवंटित, स्वीकृत और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने लालगुडी स्टेशन से आने-जाने वाले यात्रियों को प्रभावित करने वाली पर्याप्त स्थानीय बस संपर्क की कमी और ऑटो-रिक्शा के किराए के ज्यादा होने के संबंध में बाधाओं की पहचान की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) पुनर्विकास किए गए स्टेशन का दिव्यांगजन यात्रियों के लिए सार्वभौमिक पहुंच मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): रेल मंत्रालय ने दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ स्टेशन पुनर्विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की है।

तमिलनाडू स्थित पेरम्बलूर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र का लालगुडि स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकास हेतु चिह्नित किया गया है।

लालगुडि स्टेशन पर, प्रवेश द्वार, परिचलन क्षेत्र में सुधार, पार्किंग, प्लेटफॉर्म संख्या 1, 2 और 3 पर प्लेटफॉर्म की सतह, नए शौचालय और संकेतकों का कार्य पूरा कर लिया गया है। स्टेशन भवन में सुधार, प्रकाश व्यवस्था, बरामदे, बुकिंग कार्यालय, प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म शेल्टर, पानी बूथ और पहुंच मार्ग कार्य शुरू कर दिया गया है।

अमृत भारत स्टेशन योजना में भारतीय रेल के स्टेशनों को बेहतर बनाने के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और चरणबद्ध तरीके से उनका क्रियान्वयन करना शामिल है। प्रत्येक स्टेशन की आवश्यकता को देखते हुए मास्टर प्लान तैयार करने में निम्नलिखित कार्य शामिल हैं:

- स्टेशन और परिचलन क्षेत्रों तक पहुँच में सुधार
- शहर के दोनों ओर स्टेशन का एकीकरण
- स्टेशन भवन में सुधार
- प्रतीक्षालय, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, वॉटर बूथ में सुधार
- यात्री यातायात के अनुरूप चौड़े पैदल पार पुल/भूमिगत पैदल पार पथ का प्रावधान
- लिफ्ट/स्वचालित सीढ़ियों/रैंप का प्रावधान
- प्लेटफ़ॉर्म की सतह में सुधार/प्लेटफ़ॉर्म शेल्टर का प्रावधान
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क का प्रावधान
- पार्किंग क्षेत्र का विकास
- दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएँ
- बेहतर यात्री सूचना प्रणालियां
- एयर कान्कोर्स, एक्जीक्यूटिव लाउंज, मल्टीमॉडल एकीकरण, भूसुदर्शनीकरण आदि का प्रावधान।

इस योजना में आवश्यकता, चरणबद्धता और व्यवहार्यता के अनुसार संधारणीय और पर्यावरण अनुकूल समाधानों आदि और दीर्घकालिक आधार पर स्टेशन पर सिटी सेंटर बनाने की भी परिकल्पना की गई है।

अब तक, अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकास के लिए 1340 स्टेशनों को चिह्नित किया गया है, जिसमें पेरम्बलूर निवार्चन क्षेत्र के लालगुडि स्टेशन सहित 77 स्टेशन तमिलनाडु में स्थित हैं। तमिलनाडु में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकास के लिए चिह्नित स्टेशनों के नाम इस प्रकार हैं:

राज्य	स्टेशनों की संख्या	स्टेशनों का नाम
तमिलनाडु	77	अम्बासमुद्रम, अंबत्तूर, अरक्कोणम् जंक्शन, अरियलुर, आवडि, बोम्मिडि, चेंगलपट्टू जंक्शन, चेन्नै बीच, चेन्नै एग्मोर, चेन्नै पार्क, चिदंबरम, चिन्नसेलम, कुरोम्पट्टै, कोयम्बत्तूर जंक्शन, कोयम्बत्तूर नॉर्थ, कुन्नूर, धर्मपुरी, दिंडुक्कल, इरोड जंक्शन, गुडुवांचेरी, गिण्डि, गुम्मिडिपूंडी, होसूर, जोलारपेट्टै जंक्शन, कन्याकुमारी टर्मिनस, कारेक्कुडि जंक्शन, करूर जंक्शन, काटपाडी जंक्शन, कोविलपट्टि, कुलितुरै, कुंभकोणम, लालगुडि, मदुरै जंक्शन, मांबलम, मणप्पारै, मन्नारगुडी, मयिलाडुतुरै जंक्शन, मेट्टुपालयम, मोरप्पुर, नागरकोविल जंक्शन, नामक्कल, पलानि, परमक्कुडि, पेरम्बूर, पोतनूर जंक्शन, पोल्लाच्चि जंक्शन, पोलूर, पुदुक्कोट्टै, पुरट्चि तलैवर डॉ. एम.जी.रामचंद्रन सेंट्रल, राजापालयम, रामनाथपुरम, रामेश्वरम, सेलम,

		सामलपट्टि, शोलवन्दान, श्रीरंगम, श्रीविल्लिपुत्तूर, सेंट थॉमस माउंट, ताम्बरम, तेनकासी, तंजावुर जंक्शन, तिरुवारुर जंक्शन, तिरुच्चेंदूर, तिरुनेलवेली जंक्शन, तिरुप्पादिरिप्पुलियूर, तिरुपत्तूर, तिरुप्पुर, तिरुसुलम, तिरुत्तणि, तिरुवल्लुर, तिरुवण्णामलै, तूत्तुक्कुडि, उदगमण्डलम, वेल्लूर जंक्शन, विल्लुपुरम जंक्शन, विरुदुनगर, वृद्धाचलम जंक्शन

तमिलनाडु राज्य के स्टेशन जहां कार्य पूरा किया जा चुका है:

तमिलनाडु राज्य में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों पर विकास कार्य तीव्र गति से शुरू किए गए हैं। तमिलनाडु में उन स्टेशनों का ब्यौरा, जहां कार्य पूरा कर लिया गया है, निम्नानुसार हैं:

राज्य	स्टेशनों की संख्या	स्टेशनों का नाम
तमिलनाडु	26	अम्बासमुद्रम, बोम्मिडि, चेन्नै पार्क, चिदंबरम, चिन्नसेलम, कुन्नूर, कारेक्कुडि जंक्शन, कुलितुरै, मांबलम, मणप्पारै, मन्नारगुडी, मोरप्पुर, नामक्कल, पलनि, परमक्कुडि, पोल्लाच्चि जंक्शन, पोलूर, सामलपट्टि, शोलवन्दान, श्रीरंगम, श्रीविल्लिपुत्तूर, सेंट थॉमस माउंट, तिरुवारुर जंक्शन, तिरुवण्णामलै, उदगमण्डलम, वृद्धाचलम जंक्शन

तमिलनाडु के अन्य स्टेशनों पर विकास संबंधी कार्य तीव्र गति से शुरु किए गए हैं और कुछ स्टेशनों की प्रगति इस प्रकार है:

- रामेश्वरम स्टेशन: मल्टी फंक्शनल कॉम्प्लेक्स (एमएफसी) भवन को रिटायरिंग रूम में बदलने, पूर्वी और उत्तरी टर्मिनल भवन के संरचनात्मक कार्य, पार्सल कार्यालय, आवासीय टावर, प्रस्थान फोरकोर्ट, आगमन फोरकोर्ट, सबस्टेशन भवन और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के कार्य पूरे हो चुके हैं। पूर्वी टर्मिनल भवन, उत्तरी टर्मिनल भवन, प्रस्थान फोरकोर्ट, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, आगमन फोरकोर्ट, प्लेटफॉर्म शेल्टर का परिष्करण कार्य और प्रतीक्षालय के सुधार कार्य शुरू किए गए हैं।
- चेन्नै एग्मोर स्टेशन: पार्सल भवन, गांधी-इरविन (जीआई) सड़क किनारे बहु-स्तरीय कार पार्किंग, पूनमल्ली हाई (पीएच) सड़क किनारे बहु-स्तरीय कार पार्किंग और सबस्टेशन भवन के संरचनात्मक कार्य पूरे हो चुके हैं। जीआई साइड मल्टी-लेवल कार पार्किंग, पीएच साइड मल्टी-लेवल कार पार्किंग, सबस्टेशन भवन का परिष्करण कार्य, जीआई साइड टर्मिनल भवन का संरचानत्मक कार्य, पीएच साइड टर्मिनल भवन का नींव संबंधी कार्य, आगमन ऊपरी पैदल पुल और एयर कॉनकोर्स का कार्य शुरू कर दिया गया है।
- विरुदुनगर स्टेशनः परिचलन क्षेत्र, पार्किंग, प्रवेश/निकास द्वार का सुधार कार्य, कोच संकेत बोर्डों और रेलगाड़ी संकेत बोर्डों की संस्थापना संबंधी कार्यों को पूरा कर लिया गया है। स्टेशन भवन, प्रवेश द्वार संबंधी सुधार कार्य और 6 मीटर चौड़े ऊपरी पैदल पुल का कार्य शुरू कर दिया गया है।
- करूर जंक्शन स्टेशनः स्टेशन भवन में सुधार, 12 मीटर चौड़ा ऊपरी पैदल पुल, परिचलन क्षेत्र में सुधार, पार्किंग, मुख्य प्रवेश द्वार, प्रतीक्षालय, शौचालय, पार्सल कार्यालय भवन, प्लेटफार्म की सतह में सुधार और प्लेटफार्म नं. 1 को चौड़ा करने का पूरा कल लिया गया है। लिफ्ट और एस्केलेटर का काम शुरू कर दिया गया है।
- तंजावुर जंक्शन स्टेशनः प्रवेश द्वार, परिचलन क्षेत्र में सुधार, कॉनकोर्स, भूमिगत पैदल पार पथ, प्लेटफॉर्म शेल्टर, आगमन लॉबी, निकास द्वार, बुकिंग कार्यालय, कोच संकेत

बोर्ड, ट्रेन संकेत बोर्ड और संकेतों का संस्थापन कार्य पूरा कर लिया गया है। पार्किंग, लिफ्ट और एस्केलेटर का काम शुरू कर दिया गया है।

- विल्लुपुरम जंक्शन स्टेशनः नए आगमन भवन, राजकीय रेलवे पुलिस भवन, प्लेटफॉर्म शेल्टर, प्लेटफॉर्म सतह में सुधार, बुकिंग कार्यालय, पार्किंग, पार्सल कार्यालय और संकेतकों का कार्य पूरा कर लिया गया है। 6 मीटर चौड़े ऊपरी पैदल पुल, परिचलन क्षेत्र में सुधार, कॉनकोर्स, प्रस्थान भवन, प्रवेश द्वार, कोच संकेत बोर्ड, गाड़ी संकेत बोर्ड और एस्केलेटर का संस्थापन कार्य शुरू कर दिया गया है।

इसके अलावा, भारतीय रेल पर यात्री सुविधाओं जैसे प्लेटफॉर्म का विस्तार, प्रतीक्षालय, प्रकाश व्यवस्था, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं आदि के प्रावधान सहित स्टेशनों का विकास/पुनर्विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण एक सतत और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और इस संबंध में कार्य आवश्यकता, परस्पर प्राथमिकता और निधि की उपलब्धता के अध्यधीन शुरु किए जाते हैं। एक स्टेशन का विकास/पुनर्विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण स्टेशन की श्रेणी/स्थिति/यातायात की सम्हलाई के आधार पर किया जाता है।

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों का विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण सामान्यत: योजना शीर्ष-53 'ग्राहक सुविधाओं' के तहत वित्तपोषित किया जाता है। योजना शीर्ष-53 के तहत आबंटन और व्यय का विवरण क्षेत्रीय रेलवे-वार रखा जाता है न कि स्टेशन-वार या राज्य-वार। तमिलनाडु तीन रेलवे क्षेत्रों, अर्थात् दक्षिणी रेलवे, दक्षिण पश्चिम रेलवे और दक्षिण तट रेलवे के क्षेत्राधिकार में आता है। इन क्षेत्रों के लिए पिछले तीन वित्तीय वर्षों और चालू वित्तीय वर्ष में 5,931 करोड़ रुपये का आबंटन किया गया है, जिसमें से अब तक (जून, 2026 तक) 5,198 करोड़ रुपये का व्यय किया गया है।

रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) द्वारा डिंडीगुल-विल्लुपुरम दोहरीकरण परियोजना पहले से ही 2,000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर शुरू की जा चुकी है।

स्टेशन से बस संपर्क और ऑटो रिक्शा का किराया स्थानीय प्राधिकरण/राज्य सरकार के क्षेत्राधिकार में आता है। आगे लालगुडि स्टेशन से जोड़ने वाला पहुँच मार्ग संकीर्ण है और यह स्थानीय प्राधिकरणों के क्षेत्राधिकार में आता है।

भारतीय रेल भारत सरकार के "सुगम्य भारत मिशन" या 'एक्सेसिबल इंडिया कैंपेन' के तहत दिव्यांगजनों और कम गतिशील यात्रियों के लिए अपने रेलवे स्टेशनों को सुगम्य बनाने के लिए सभी प्रयास कर रही है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुपालन में, "दिव्यांगजनों और कम गतिशील यात्रियों के लिए भारतीय रेल के रेलवे स्टेशनों तक पहुंच और रेलवे स्टेशनों पर सुविधाओं संबंधी दिशानिर्देश" भारत के राजपत्र में परिपत्रित और अधिसूचित किए गए हैं। इन दिशानिर्देशों में दिव्यांगजनों और कम गतिशीलता वाले यात्रियों की सुविधा के लिए प्रवेश रैम्प, सुगम्य पार्किंग, कम ऊंचाई वाले टिकट काउंटर/सहायता बूथ, शौचालय, पेयजल बूथ, रैम्प/लिफ्टों के साथ भूमिगत पैदल पार पथ/पैदल पार पुल, ब्रेल साइनेज सहित मानक संकेतक और दृष्टि बाधित लोगों के लिए स्पर्श्य मार्ग आदि की व्यवस्था की गई है, जिन्हें उचित एकोमोडेशन के सिद्धांतों पर चरणबद्ध रूप से कार्यान्वित किया गया है। जिन्हें चरणबद्ध तरीके से और उचित समायोजन के सिद्धांतों पर कार्यान्वयन के लिए शुरु किया गया है।

******